**दिनांक–15.07.2024** **संध्या 1900 बजे**

**मुख्य समाचार**

1. **नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए की याचिका पर जारी किया नोटिस, स्थानांतरण याचिका को मुख्य याचिकाओं के साथ जोड़ने का आदेश।**
2. **ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर एमपी–एमएलए कोर्ट में हुई सुनवाई, ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए मांगा समय।**
3. **केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में कहा– प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान बना जन आंदोलन।**
4. **पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने मोहर्रम के मद्देनजर सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का दिया निर्देश, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई।**
5. **मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कुछ हिस्सों में कल हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का जताया पूर्वानुमान, राज्य में अब तक मानसून की बारिश 46 फीसदी कम।**

***************

सुप्रीम कोर्ट ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए की नई स्थानांतरण याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया। एजेंसी ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने स्थानांतरण याचिका को नीट यूजी परीक्षा रद्द करने की मांग वाली मुख्य याचिकाओं के साथ जोड़ने का आदेश दिया, जिन पर 18 जुलाई को सुनवाई होनी है। हालांकि उसने राजस्थान उच्च न्यायालय के खिलाफ लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक के लिए कोई औपचारिक आदेश जारी करने से इनकार कर दिया।

***************

ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के लिए दायर याचिका पर एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में आज सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से एक बार फिर से कोर्ट से समय की मांग की गयी। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया है।

***************

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की ओर से राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज रामगढ़ जिले में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अन्य भाजपा नेताओं के अलावा राज्यसभा में पार्टी के सचेतक दीपक प्रकाश और हजारीबाग सांसद

मनीष जायसवाल भी शामिल हुए। इस दौरान लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मंडल अध्यक्षों को उन्होंने सम्मानित किया। इस मौके पर श्री प्रकाश ने विधानसभा चुनाव में जीत का संकल्प दोहराया।

***************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल अभियान न रहकर अब पूरे देश में जनआंदोलन बन गया हैं। गिरिडीह में उनके सम्मान में चैम्बर ऑफ कामर्स की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए सभी लोगों से कम से कम एक पेड़ लगाने की अपील की।

***************

राज्य के मंत्री चंपाई सोरेन ने सरायकेला–खरसांवा जिले के आदित्यपुर रेलवे कॉलोनी स्थित शिव मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ के भव्य मंदिर का निर्माण कराने की घोषणा की है। आज भगवान जगन्नाथ की वापसी रथ यात्रा में शामिल होने के दौरान श्री सोरेन ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के प्रति लोगों को गहरी आस्था है।

***************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने आज पुलिस मुख्यालय में मोहर्रम पर राज्य में विधि–व्यवस्था के मद्देनजर समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों को कई दिशा–निर्देश दिए। डीजीपी ने सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में एडीजी संजय आनन्द लाठकर, आईजी अमोल विनुकांत होमकर, आईजी प्रभात कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

***************

देवघर में 22 जुलाई से शुरु हो रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले के मद्देनजर आज इंटर स्टेट कोर्डिनेशन कमिटी की बैठक हुई। बैठक में संताल परगना, बिहार के मुंगेर और भागलपुर के आयुक्तों के अलावा दोनों राज्यों के कई डीएम और एसपी शामिल हुए। बैठक के बाद संताल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल ने पत्रकारों को बताया कि कांवरियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई अहम निर्णय लिये गये हैं।

***************

हजारीबाग पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बाराबंकी की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के साथ संयुक्त अभियान में लगभग साढ़े छह करोड़ रूपये का ब्राउन शुगर जब्त किया है। इस सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। हजारीबाग के सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी।

***************

कोडरमा में डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से आलू चिप्स प्लांट लगाया गया है, जिसका संचालन महिला किसान समूह करेगा।

***************

गिरिडीह के प्रधान जिला जज मनोज कुमार और उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने आज जिले के सरिया प्रखंड में अनुमंडलीय न्यायालय और जेल निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रधान जिला जज ने कहा है कि सरिया में अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना होने से लोगों को न्यायिक मामलों के लिए गिरिडीह नहीं जाना पड़ेगा। इधर, उपायुक्त ने सीओ को जमीन का विस्तृत रिपोर्ट देने का आदेश दिया है।

***************

पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में आज हुए हादसे में एक बस ने एक टेम्पो को टक्कर मार दी। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि पांच लोग घायल हो गये। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण उग्र हो गये और उन्होंने बस को आग लगा दी और बस चालक को पीट पीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स में भर्ती कराया गया है।

***************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक कल से मानसून की सक्रियता में कमी आ सकती है और तापमान में वृद्धि की संभावना है। विभाग से मिले आंकड़े के अनुसार राज्य में अब तक मानसून की बारिश 46 प्रतिशत कम हुई है।